# GSEB Std 10 Hindi Textbook Solutions Chapter 23 भूख

## GSEB Class 10 Hindi Solutions भूख Textbook Questions and Answers

स्वाध्याय

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
कवि ने प्राणियों में सौन्दर्य कब देखा है ?
उत्तर :
कवि ने प्राणियों में सौंदर्य उस समय देखा है, जब अपनी भूख मिटाने के लिए वे संघर्ष करते हैं।

प्रश्न 2.
कवि के अनुसार बकरी में सुन्दरता कब प्रकट होती है ।
उत्तर :
कवि के अनुसार बकरी में सौंदर्य उस समय प्रकट होता है, जब वह अपने दो पैरों पर खड़ी होकर काँटों के बीच से नहींनन्हीं पत्तियाँ खाती है।

प्रश्न 3.
कवि ने भूख की दशा को क्यों सुन्दर कहा है ?
उत्तर :
प्रत्येक प्राणी भूख की दशा में लड़ने (संघर्ष करने) के लिए तैयार हो जाता है एवं भूख से संघर्ष करते समय प्राणी बहुत सुंदर लगता है, इसलिए कवि ने भूख की दशा को सुंदर कहा है।

2. निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए :

प्रश्न 1.
जब भी
भूख से लड़ने
कोई खड़ा हो जाता है
सुन्दर दीखने लगता है
उत्तर :
कवि कहते हैं कि भूख से मुक्ति पाने का मार्ग संघर्ष है। जब कोई प्राणी भूख से मुक्ति पाने के लिए संघर्ष करता है, तो वह बहुत सुंदर दिखाई देने लगता है। भूख मिटाने के लिए प्राणी कुछ भी करने के लिए तत्पर. हो जाता है। ये तत्परता संघर्ष में बदल जाती है और संघर्ष से सौंदर्य जन्म लेता है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in